

नवभारत 09
इंदौर, बुधवार, 29 अप्रैल 2026

# शहनाई की धुन से गूंज रहा माहौल गांव-शहर में एक साथ कई विवाह

- अप्रैल अंतिम सप्ताह से मई दूसरे सप्ताह तक मुहूर्तों की भरमार



**बड़वानी, ( नवभारत )।** अप्रैल के अंतिम सप्ताह में शादी की धूम मची है। बड़वानी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों हर गांव और मोहल्ले में शहनाइयों की गूंज सुनाई दे रही है। एक ही दिन में कई शादियां होने से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है। पंडितों के अनुसार अप्रैल के अंतिम सप्ताह से लेकर मई के दूसरे सप्ताह तक विवाह के शुभ मुहूर्त अधिक हैं। इसके चलते शादियों की संख्या भी ज्यादा है। इसके बाद करीब एक महीने तक विवाह कार्य पर विराम लग जाएगा।

इस बार विवाह मुहूर्तों की अधिकता की वजह से एक ही दिन में कई विवाह समारोह हो रहे हैं। विशेष रूप से ग्रामीण अंचल में शादियों की संख्या अधिक होने से सामूहिक उत्साह देखने को मिल रहा है। गांवों में बरातों का आना-जाना, बैंड-बाजों की धुन, पारंपरिक रीति-रिवाज और सामूहिक भोज का आयोजन हो रहा है। शादी सीजन का असर केवल समारोहों तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों पर भी दिख रहा है। विवाह आयोजनों के चलते लोगों की व्यस्तता बढ़ गई है और परिजन तैयारियों में जुटे हैं।

### घरों में बढ़ गई रौनक

रिश्तेदारों के आने-जाने से घरों में रौनक बढ़ गई है। टेंट, कैटरिंग, बैंड-बाजा, सजावट और वाहन सेवा से जुड़े लोगों के लिए भी ये समय काफी व्यस्त बना हुआ है। शहर में भी शादी सीजन की झलक नजर आ रही है। बाजारों में खरीदी का दौर तेज हो गया है। कपड़े, आभूषण, किराना, जूते-चप्पल और सौंदर्य सामग्री की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ बनी रहती है।

# गर्मी से बिजली खपत बढ़ी, नई दरें भी जल्द



**बड़वानी, ( नवभारत )।** भीषण गर्मी के साथ जिले में बिजली की खपत तेजी से बढ़ रही है। अप्रैल शुरू होते ही तापमान 40 डिग्री पार कर गया, जिसके चलते कूलर, पंखा, एसी और फ्रिज का उपयोग बढ़ा। इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा। विभाग का अनुमान है कि अप्रैल अंत तक शहर की खपत 33 से 38 लाख यूनिट पहुंच जाएगी।

बिजली कंपनी के अनुसार हर वर्ष अप्रैल, मई और जून में सामान्य दिनों की तुलना में खपत 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। इस बार भी लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। घरों, कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी बिजली उपयोग बढ़ा है। शहरी क्षेत्र के सहायक अभियंता कार्यालय के अनुसार फरवरी 2026 में 25887 उपभोक्ताओं ने 28.56 लाख यूनिट बिजली खपत की थी, जो मार्च में बढ़कर 30.79 लाख यूनिट हो गई। अप्रैल के अंत तक इसके 33 से 38 लाख यूनिट तक पहुंचने का अनुमान है। खपत बढ़ने से बिजली बिल भी बढ़ेगा। खासकर 100 से 150 यूनिट से अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा, जिससे उन्हें अधिक भुगतान करना पड़ेगा।

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 1 अप्रैल से बिजली दरों में बढ़ोतरी की है। इसके तहत 200 यूनिट तक की खपत पर 80 से 90 रुपए अतिरिक्त देने होंगे, जबकि 600 यूनिट तक उपयोग करने वालों का बिल 200 रुपए से अधिक बढ़ सकता है। अधिकारियों के अनुसार मई-जून में मांग और बढ़ने से बिजली व्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है।

विभाग पीएम सूर्यघर योजना के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है। उपभोक्ता घरों में सोलर सिस्टम लगाकर बिजली उत्पादन कर सकते हैं और अतिरिक्त बिजली विभाग को दे सकते हैं। इस पर शासन की ओर से सब्सिडी भी दी जा रही है। फरवरी 2026 में 2214 सोलर उपभोक्ताओं ने 6.92 लाख यूनिट जमा की, वहीं मार्च में 2302 उपभोक्ताओं ने 9.48 लाख यूनिट बिजली कंपनी को दी।

मार्च 2026 में 257956 उपभोक्ताओं ने 363.58 लाख यूनिट बिजली खपत की।

मई 2025 में 254193 उपभोक्ताओं ने 397.75 लाख यूनिट खपत की थी।

जिले में वर्तमान में 2.54 लाख से अधिक उपभोक्ता हैं। अकेले बड़वानी शहर में 25.26 हजार उपभोक्ता हैं।

### शहरी क्षेत्र में नहीं है बिजली की कमी

गर्मी में बढ़ती खपत को देखते हुए बिजली की उपलब्धता ज्यादा रखी गई है। शहरी क्षेत्र में बिजली की कमी नहीं है। मेंटेनेंस कार्य के दौरान चिह्नित क्षेत्रों में सूचना के बाद ही बिजली काटी जाती है। सोलर पैनल लगाकर उपभोक्ता अपनी खपत के बाद बची बिजली कंपनी में जमा कर लाभ कमा सकते हैं। योजना में सब्सिडी का प्रावधान है।

- जनकलाल गंगराड़े, सहायक अभियंता बड़वानी

# एसपी ने सुनी समस्याएं



**बड़वानी, ( नवभारत )।** एसपी ऑफिस में एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में 28 अप्रैल को जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के कई नागरिकों ने पारिवारिक विवाद, रुपए पैसों का आपसी लेन-देन भूमि विवाद, लड़ाई-झगड़ा, आपसी रंजिश और लंबित प्रकरणों के आवेदन प्रस्तुत किए। समस्याओं को सुनते हुए एसपी ने सख्त निर्देश दिए।

एसपी ने कहा हमारा लक्ष्य देशभक्ति-जनसेवा के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करना है। पुलिस और जनता के बीच विश्वास का सेतु तभी मजबूत होगा। जब हर पीड़ित को यह भरोसा हो कि उसकी सुनवाई निष्पक्ष और त्वरित होगी। जनसुनवाई में एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी महेश सुनैया, डीएसपी निलेश्वरी डावर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नगर पालिका ने लगाया जल सुनवाई शिविर पेयजल नमूनों की जांच

**बड़वानी।** शहर के चुना भट्टी मोहल्ला वार्ड 22, 23 एवं 24 में स्कूल के पास मंगलवार को जल सुनवाई कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें अमृत मित्र महिलाओं और निकाय की टीम द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण कार्य किया गया। जलप्रदाय प्रभारी की उपस्थिति में शिविर लगाया गया था, जिसमें 15 पेयजल नमूने की जांच की गई। इस दौरान वार्ड में निवासरत नागरिकों के घरों का पानी एवं निवास पर स्थापित कुएं के पानी की जांच की गई।

# बुद्ध पूर्णिमा पर होगा गायत्री यज्ञ



**बड़वानी, ( नवभारत )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में प्रति वर्ष अनुसार 1 मई बुद्ध पूर्णिमा पर जिले में घर-घर गायत्री यज्ञ किया जाएगा। प्रांतीय प्रतिनिधि महेंद्र भावसार ने बताया कि मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में गायत्री यज्ञ होगा। विश्व की प्रथम संस्कृति के माता-पिता गायत्री और यज्ञ है। यह अभियान महासंकल्प के रूप में उभरा है, जो व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण और समाज निर्माण को सशक्त करता है।

### गोष्ठी का किया आयोजन

जिला समन्वयक विक्रम जमरे ने कहा कि जिले की 9 तहसीलों के लक्ष्य अनुसार गृह-गृह यज्ञ होना है। लक्ष्य से ज्यादा घरों में गायत्री यज्ञ किए जाने के लिए परिजन संपर्क बना रहे है। गायत्री शक्ति पीठ साली टांडा में जन्म शताब्दी अनुयाज क्रम की गोष्ठी संपन्न हुई। जिसमें परिजनों ने श्रद्धा और समर्पण के साथ गृह-गृह यज्ञ करने, कराने के लिए संकल्प किए।

गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, देव पुजन प्रबंधन ट्रस्टी नरेंद्र डावर ने किया। पुजन संस्कार प्रकाश नरगावे ने वैदिक मंत्रोच्चार से सम्पन्न कराया। जिला समिति साधना अभियान सदस्य मनोज सस्ते ने यज्ञ विधा और परिजनों के कर्तव्य दायित्व पर प्रकाश डाला। शक्ति पीठ साली टांडा प्रबंधन ट्रस्टी नरेंद्र डावर ने सामूहिक साधना अभियान और व्यसन मुक्त समाज बने। गायत्री मंत्र के प्रभाव से अवगत कराया।

# मोतियाबिंद शिविर 4 को

- रोगियों की आंखों में नि:शुल्क किया जाएगा लैंस प्रत्यारोपण

**बड़वानी, ( नवभारत )।** लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा प्रभारी सीएमएचओ डॉ राजेश गुप्ता और सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में चौइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर के सहयोग से 4 मई को नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया जाएगा।


अनिल जोशी एवं राम जाट ने बताया कि शिविर में इंदौर के प्रसिद्ध नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ सेवाएं देंगे। चयनित मरीजों का नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण चोईथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर में किया जाएगा। चयनित नेत्र मरीजों को बस से इंदौर भेजा जाएगा।

कैम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम एवं अनिल राठौड़ ने बताया कि मरीज के साथ एक परिजन होने पर ही ऑपरेशन किए जाएंगे। मरीज पुरानी शुगर और ब्लड प्रेशर की दवाई ले रहे हो, तो साथ लेकर आए। महिला मरीज विशेष रूप से सिर के बाल धोकर आए। शिविर सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक ही रहेगा। शिविर केवल मोतियाबिंद के मरीजों के लिए आयोजित होगा। नेत्र अस्पताल द्वारा लैंस, चश्में, दवाइयां नि:शुल्क दिए जाएंगे।

केटी मंडलोई, एसपी अग्रवाल, जया शर्मा, सुधीर पांडे, कमलेश शर्मा ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग शिविर का लाभ उठाए। शिविर वाले दिन लायंस क्लब बड़वानी नि:शुल्क भोजन भी कराएगा।

## एक नजर में

### चलती बाइक में लगी आग, युवक ने कूदकर बचाई जान



**महू.** किशनगंज थाना क्षेत्र में मेडिकैप्स चौराहे पर बीती रात करीब 9 बजे एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई. बाइक चालक समय रहते कूद गया, जिससे उसकी जान बच गई. इस घटना से सड़क पर अफरा-तफरी मच गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी बाइक आग के गोले में बदल गई. गनीमत रही कि जैसे ही बाइक से धुआं और लपटें उठीं, चालक तुरंत नीचे उतर गया, जिससे वह बाल-बाल बच गया. आग लगने की वजह इंजन में तकनीकी खराबी या शार्ट सर्किट बताया जा रहा है. आसपास के लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह पूरी तरह जल गई.

### गौ सम्मान आह्वान अभियान शुरू, गौभक्तों ने निकाली रैली



**महू.** नगर में सोमवार दोपहर गौ सम्मान आह्वान अभियान का शुभारंभ हुआ. इस दौरान संत समाज और जागरूक नागरिकों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा. यह अभियान स्वामी कृष्णानंद महाराज के सानिध्य में संचालित किया जा रहा है. आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह किसी एक संगठन का आंदोलन न होकर गौ संरक्षण के लिए समाज का एक सामूहिक और अहिंसक प्रयास है. अभियान को चार चरणों में चलाया जाएगा. पहले चरण में, 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस के अवसर पर देशभर में तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपे गए. इसके बाद, मई से जुलाई तक सरकार के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा. 27 जुलाई को सरकार को धन्यवाद ज्ञापन या पुन: स्मरण पत्र भेजा जाएगा. अगस्त से अक्टूबर के बीच राज्य स्तर पर मुख्य सचिवों को ज्ञापन सौंपने की योजना है. नवंबर 2026 से जनवरी 2027 तक राष्ट्रव्यापी धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे. फरवरी 2027 में दिल्ली में एक विशाल जनसमूह द्वारा संकीर्तन और पत्र लेखन कार्यक्रम प्रस्तावित है.

### आदर्श शिक्षिका पायल परदेशी को मालव शिक्षा सम्मान



**महू.** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण के लिए जिले एवं प्रदेश स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाने वाली आदर्श शिक्षिका पायल परदेशी को शिक्षक कल्याण सदन समिति, इंदौर द्वारा प्रतिष्ठित मालव शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया. यह सम्मान स्व. जीएल ओझा की स्मृति में पायल परदेशी द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायी कार्यों के लिए प्रदान किया गया.

# कलेक्टर माथुर ने आवेदकों की सुनी समस्याएं

- मौके पर ही अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश



**आलीराजपुर। जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने एक एक कर नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।आज की जनसुनवाई में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए।**

इस मंगलवार की जनसुनवाई के दौरान आवेदक भूरी पति हेमरसिंह निवासी ग्राम अजंदा तहसील आलीराजपुर ने आवेदन दिया कि मेरे द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व समग्र आईडी में नाम जुड़वाया गया था। नाम जुड़ने के बावजूद भी आज दिनांक तक मेरी समग्र आईडी चालु नहीं हुई हैं, समग्र आईडी बंद होने के कारण मुझे किसी भी प्रकार की शासकीय योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। मेरी समग्र आईडी शीघ्र चालू कराई जाए, ताकि मुझे योजनाओं का लाभ मिल सके। एक अन्य आवेदन ग्राम अकोला के कनासिया फलिया के ग्रामीणों ने पेयजल की गंभीर समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदकों ने बताया कि हमारे फलीये में लगभग 10-12 मकान और करीब 100 की आबादी निवास करती है। हमारे फलिये में वर्तमान में एक भी हैंडपम्प उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण हमें पानी के लिए दूर दूसरे फलिये में जाना पड़ता है। इससे महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पशुओं के लिए भी पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पा रही है। हमारे फलिये में हैंडपंप खनन करावाएं ताकि जल संकट से राहत मिले।

कलेक्टर माथुर ने उक्त आवेदनो को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में भूमि पर कब्जा, पेंशन, रसोई गैस सिलेण?डर वितरण मे अनियमितता के संबंध में, जमीनी विवाद, जैसे विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, डिप्टी कलेक्टर निर्मला कलमे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर

**आलीराजपुर। भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना ( पीएमआईएस ) युवाओं के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल बनकर उभर रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को भारत की शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना है।**

इस योजना के माध्यम से युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक व्यावसायिक वातावरण का अनुभव मिलेगा, जिससे उनके व्यावहारिक कौशल और कार्यानुभव में वृद्धि होगी। साथ ही प्रतिभागियों को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीकों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी, जिससे वे भविष्य में नियमित रोजगार प्राप्त करने के योग्य बन सकें। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 10वीं, 12वीं, स्नातक या उससे अधिक योग्यता रखने वाले 18 से 24 वर्ष आयु वर्ग के युवा आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में 6 से 9 माह की इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। योजना के अंतर्गत प्रतिभागियों को प्रतिमाह 9000 रुपये का स्टाइपेंड दिया जाएगा। साथ ही जॉइनिंग के समय 3000 रुपये और तीन माह पूर्ण होने के बाद अतिरिक्त 3000 रुपये प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक युवा योजना के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं।

# टीआई बोले- नाम हटाने का दबाव था

- महू फार्म हाउस के चर्चित जुआकांड मामले में हाईकोर्ट सख्त
- हाईकोर्ट ने कहा- कार्रवाई करने वाले टीआई को सस्पेंड क्यों किया
- ऐसे तो कोई पुलिसवाला ड्यूटी नहीं कर पाएगा
- सस्पेंड टीआई का दावा... आईएएस का नाम हटाने का था दबाव




नव भारत न्यूज

**इंदौर.** चर्चित जुआकांड में सस्पेंड टीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पुलिस कार्रवाई पर सख्त रुख अपनाते हुए कई अहम सवाल उठाए. सुनवाई में टीआई ने आईएएस अधिकारी का नाम एफआईआर से हटाने का दबाव होने का दावा किया, वहीं कोर्ट ने कार्रवाई की प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए दो घंटे की बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया.

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पूछा कि जब कार्रवाई हुई तो आईएएस अधिकारी के बयान क्यों नहीं लिए गए और फार्महाउस पर सीसीटीवी कैमरे क्यों नहीं थे. कोर्ट ने यह भी जानना चाहा कि क्या वहां पहले से जुआ संचालित हो रहा था और वैधानिक कार्रवाई करने वाले टीआई को ही सस्पेंड क्यों किया. कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी को ही सस्पेंड किया जाएगा, तो इससे गलत संदेश जाएगा और पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई से बचने लगेगी. मामला 10-11 मार्च की रात का है,

### यह था मामला...

महू के मानपुर क्षेत्र में महिला आईएएस अधिकारी के नाम पर दर्ज फार्महाउस पर चल रहे जुए के बड़े अड्डे का पुलिस ने भंडाफोड़ किया था. कार्रवाई में 18 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया था. मौके से 13 लाख 67 हजार 971 रुपए नकद समेत करीब 28.67 लाख रुपए का माल भी जब्त किया गया था.

# जिला अस्पताल का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश



**आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, परिसर का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार के निर्देश दिए।**

कलेक्टर ने मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की और निर्देशित किया कि सभी मरीजों को प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बर्थ वेटिंग कक्ष, क्वालिटी सेल, एएनसी, पीएनसी, आईसीयू, इमरजेंसी वार्ड, लैब तथा डायलिसिस कक्ष सहित विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया। प्रसूति वार्ड में नर्सिंग स्टाफ प्रमुख रेशमा चौहान की अनुपस्थिति पाए जाने पर कलेक्टर ने उन्हें नोटिस जारी कर पद से पृथक करने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए। कलेक्टर ने अस्पताल प्रशासन को गर्मी और लू से बचाव के लिए आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन को लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी कर जागरूक करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके पश्चात कलेक्टर ने 200 बेड के निर्माणाधीन अस्पताल का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी को कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर अर्थदंड लगाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।